# बिहार सरकार
# जल संसाधन विभाग

**दिनांक 07.07.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही :**

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, नालंदा, बिहारशरीफ परिक्षेत्राधीन सिंचाई प्रमंडल, नवादा अन्तर्गत कैलाशघाटी जलाशय पर Instrumentation कार्य के पुनर्कोटेशन संख्या 06/2025–26, दिनांक 17.11.2025 के निविदा पर निर्णय लेने हेतु आयोजित विभागीय निविदा समिति की बैठक में निम्न पदाधिकारियों ने भाग लिया : –

1. डॉ० चन्द्रशेखर सिंह, सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना।
2. श्री ब्रजेश मोहन, अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना।
3. श्री अरविन्द कुमार वर्मा, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग, पटना।
4. श्री मनोज कुमार, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, नालंदा, बिहारशरीफ।

तकनीकी बीड की विवरणी :

| | |
|---|---|
| (i) कार्य का नाम | :– कैलाशघाटी जलाशय में Instrumentation स्थापित करने का कार्य। |
| (ii) प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | :– 163.52763 लाख रूपये (विभागीय पत्रांक 1519 दिनांक 09.07.2025) |
| (iii) स्वीकृत परिमाण विपत्र की राशि | :– 163.52763 लाख रूपये |
| (iv) निविदा प्रकाशन का विवरण | :– दैनिक जागरण दिनांक 20.11.2025 |
| (v) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | :– दिनांक 12.12.2025 |
| (vi) प्राप्त निविदाओं की सं० | :– 01 अदद् |
| (vii) निविदा की प्रक्रिया | :– ई–टेन्डरिंग |
| (viii) निविदा आमंत्रण सूचना सं० | :– पुर्नकोटेशन संख्या 06/2025–26 |
| (ix) प्रमंडल का नाम | :– सिंचाई प्रमंडल, नवादा। |
| (x) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक | :– 01.04.2026 |
| (xi) निविदा समिति की बैठक | :– 10.04.2026 |
| (xii) निविदा समिति की बैठक(दर वार्ता) | :– 26.05.2026 |

**तकनीकी बीड की समीक्षा :–**

दिनांक 01.04.2026 को सम्पन्न विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में सम्यक् समीक्षोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा (1) M/S CIMCON SOFTWARE India Pvt. Ltd- Ahmedabad, Gujrat – 380059 को तकनीकी बीड की वांछित अहर्ताएं पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी।

दिनांक 10.04.2026 को सम्पन्न बैठक में विभागीय निविदा समिति द्वारा विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा एवं पथ निर्माण विभाग, पटना के अधिसूचना संख्या–प्र07/नियम–03/ 2016–3162 (S) दिनाक 09.05.2016 के आलोक में कोटेशनदाता (1) M/S

CIMCON SOFTWARE India Pvt. Ltd- Ahmedabad, Gujrat – 380059 को तकनीकी बीड की वांछित अहर्ताएं पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल पाया गया। सफल कोटेशनदाता M/S CIMCON SOFTWARE India Pvt. Ltd- Ahmedabad, Gujrat – 380059 का वित्तीय बीड खोल कर निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित करने हेतु मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, नालंदा, बिहारशरीफ को निदेशित किया गया।

उक्त के आलोक में मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, नालंदा, बिहारशरीफ द्वारा पत्रांक 1609 दिनांक 04.05.2025 के माध्यम से वित्तीय बीड खोलकर तुलनात्मक विवरणी समर्पित किया गया।

दिनांक 26.05.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में सम्यक विचारोपरांत विभागीय निविदा समिति द्वारा सिंचाई प्रमंडल, नवादा अन्तर्गत कैलाशघाटी जलाशय पर Instrumentation कार्य के पुनर्निविदा में सफल न्यूनतम निविदादाता M/S CIMCON SOFTWARE India Pvt. Ltd., Ahmedabad, Gujarat – 380059 द्वारा उद्धृत राशि रु० 178.48290 लाख है, जो प्राक्कलित राशि से 9.145 प्रतिशत अधिक होने के कारण लोक निर्माण संहिता की कंडिका 164 के आलोक में सफल न्यूनतम निविदादाता से दर वार्ता कर, वार्तालापी दर उपलब्ध कराने हेतु मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, नालंदा, बिहारशरीफ को निदेशित किया गया।

अनुपालन में मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, नालंदा, बिहारशरीफ द्वारा M/S CIMCON SOFTWARE India Pvt. Ltd., Ahmedabad, Gujarat – 380059 से इस कार्य के पुनर्निविदा में Power of Attorney श्री संजय सिंह, General Manager-Sales होने के कारण इनके पत्रांक CSIPL/WRD-Bihar/Nawada/2026-27/015 दिनांक 04.06.2026 के द्वारा उद्धृत दर पर वार्ता किया गया। तद्पोरान्त मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, नालंदा, बिहारशरीफ के पत्रांक 2013 दिनांक 05.06.2026 के द्वारा सफल न्यूनतम दरदाता M/S CIMCON SOFTWARE India Pvt. Ltd., Ahmedabad, Gujarat – 380059 से दर वार्ता कर वार्तालापी दर उपलब्ध कराया गया है, जिसका उद्धृत राशि को रु० 178.48290 लाख (9.145 प्रतिशत अधिक) से घटाकर रु० 173.33929 लाख (6 प्रतिशत अधिक) पर करने की सहमति दी गयी है।

निदेशानुसार मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, नालंदा, बिहारशरीफ के पत्रांक 2278 दिनांक 24.06.2026 के द्वारा सफल न्यूनतम दरदाता M/S CIMCON SOFTWARE India Pvt. Ltd., Ahmedabad, Gujarat – 380059 से पुनः दर वार्ता कर वार्तालापी दर उपलब्ध कराया गया है, जो स्वीकृत परिमाण विपत्र की राशि रु० 163.52763 लाख पर सहमति प्रदान दी गयी है।

उपरोक्त के आलोक में सफल न्यूनतम दरदाता के संबंध में स्थिति निम्नवत् है :–

| क्र० | संवेदक का नाम | उद्धृत राशि | वार्तालापी दर के अनुसार राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | M/S CIMCON SOFTWARE India Pvt. Ltd., Ahmedabad, Gujarat – 380059 | रु० 178.48290 लाख (9.145 प्रतिशत अधिक) | रु० 163.52763 लाख (0.00 प्रतिशत) (एक करोड़ तिरसठ लाख बावन हजार सात सौ तिरसठ रुपये) |

**समिति का निर्णय :–**

सम्यक समीक्षोपरांत विभागीय निविदा समिति द्वारा सिंचाई प्रमंडल, नवादा अन्तर्गत कैलाशघाटी जलाशय पर Instrumentation कार्य के पुनर्निविदा में सफल न्यूनतम निविदादाता M/S CIMCON SOFTWARE India Pvt. Ltd., Ahmedabad, Gujarat – 380059 के वार्तालापी दर रु० 163.52763 लाख (0.00 प्रतिशत) पर कार्य आवंटित करने का निर्णय लेते हुए मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, नालंदा, बिहारशरीफ को कार्यावंटन आदेश निर्गत करने हेतु निदेशित किया गया।

(मनोज कुमार)
मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन,
जल संसाधन विभाग,
नालंदा, बिहारशरीफ

(अरविन्द कुमार वर्मा)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
जल संसाधन विभाग,
पटना

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन,
जल संसाधन विभाग,
पटना

(चन्द्रशेखर सिंह)
सचिव
जल संसाधन विभाग,
पटना

ज्ञापांक : मो०–3–कार्य–पी०–05/26– 1632 पटना, दिनांक : 07/07/26

प्रतिलिपि : मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, नालंदा, बिहारशरीफ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अमरेन्द्र कुमार)
अधीक्षण अभियंता
यो० एवं मो० अंचल–3, पटना।

ज्ञापांक : मो०–3–कार्य–पी०–05/26– 1632 पटना, दिनांक : 07/07/26

प्रतिलिपि : कार्यपालक अभियंता (आई०टी०), सूचना प्रावैधिकी केन्द्र, जल संसाधन विभाग, पटना को बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(अमरेन्द्र कुमार)
अधीक्षण अभियंता
यो० एवं मो० अंचल–3, पटना।